**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय एवं फ्रांस के मध्य अगले पांच वर्षों तक अनुबंध

पन्तनगर। 12 दिसम्बर 2023। भारत के फ्रांस दूतावास साइंस काउंसलर, नई दिल्ली से 9 फ्रांसीसी संस्थानों से 20 सदस्यों का एक डेलिगेशन डेफिआ (2023–2028) द्वारा आज दूसरे दिन विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के कृषि सूचना केन्द्र का भ्रमण कर वहां पर लगी विभिन्न फसलों की प्रजातियों के बारे में वैज्ञानिकों द्वारा जानकारी दी गयी। तदोपरान्त पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय, कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय, विश्वविद्यालय पुस्तकालय एवं प्रशासनिक भवन का भी भ्रमण कर जानकारी प्राप्त की। इस भ्रमण में निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, डा. एच.एन. सिंह एवं अन्य वैज्ञानिकों द्वारा जानकारी प्रदान की गयी। भ्रमण के उपरान्त एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय एवं फ्रांस के विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों के आदान–प्रदान हेतु पूर्व में हुए अनुबंध की अवधि अगले पांच वर्षो तक बढ़ाने की संस्तुति की गयी। डा. एच.जे. शिव प्रसाद, निदेशक, अन्तर्राष्ट्रीय मामले द्वारा फ्रांसीसी दल का नेतृत्व किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव डा. के.पी. रावेरकर द्वारा की गयी। श्री क्रिस्टोफ ग्रोएल, समन्वयक और श्रीमती चौंटल डेस्प्रैट्स, सह–समन्वयक, डेफिआ द्वारा मंच साझा किया गया। बैठक में अधिष्ठाता कृषि डा. एस.के. कश्यप, अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान डा. एस.पी. सिंह, अधिष्ठाता कृषि व्यवसाय प्रबंधन डा. आर.एस. जादौन, अधिष्ठात्री सामुदायिक विज्ञान, डा. अल्का गोयल, अधिष्ठाता विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, डा. संदीप अरोरा, अधिष्ठात्री मत्स्य पालन डा. मालविका दास, निदेशक अनुसंधान डा. ए.एस. नैन एवं निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव द्वारा सभी फ्रेंच डेलिगेशन के सदस्यों को सम्मानित किया गया। फ्रेंच डेलिगेशन द्वारा भी सभी अधिष्ठाता एवं निदेशकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। डा. एच.जे. शिव प्रसाद, निदेशक, अन्तर्राष्ट्रीय मामले द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।




*विश्वविद्यालय एवं फ्रांस के बीच हुए अनुबंध के साथ अधिकारी एवं अतिथिगण।*



*फ्रांस डेलिगेशन के सदस्यों को फसलों संबंधी जानकारी देते निदेशक संचार डा. जे.पी.जायसवाल।*

**निदेशक संचार**